Dainik Bhaskar, 23-Feb, 2014

बिजनेस प्लस

गृहप्रवेश के दूसरे प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग

होटल रिपबलिक में गृह प्रवेश की प्रेसवार्ता में उपस्थित लोग।

पटना. गृहप्रवेश बिल्डटेक प्राइवेट लिमिटेड कंपनी ने नोएडा के दूसरे प्रोजेक्ट की लॉन्चिंग की। कंपनी ने इस अवसर पर सोशल रिस्पांसिबिलिटी के तहत झारखंड के नेतरहाट स्कूल को 25 कम्प्यूटर दिए। पटना में आयोजित प्रेस वार्ता में कंपनी के सीएमडी अभय कुमार ने कहा कि मैं नेतरहाट स्कूल झारखंड का छात्र रहा हूं। आज जो कुछ भी हूं इसी स्कूल की वजह से हूं। गृहप्रवेश के नए प्रोजेक्ट में 125 फ्लैट्स हैं, जो दिसंबर तक पूरी तरह तैयार हो जाएंगे। एनसीआर में फ्लैट्स लेने को इच्छुक बिहारियों के लिए कंपनी द्वारा बोरिंग रोड में रविवार से आठ दिवसीय प्रोपर्टी शो लगाया जा रहा है। इस शो में ऑन स्पॉट बुकिंग कराने वालों को विशेष ऑफर के तहत दस फीसदी की छूट और एक सोने का सिक्का दिया जाएगा। इस मौके पर नेतरहाट स्कूल के प्रिंसिपल बीएस मल्लिक, एमसीआई के सदस्य डॉ. अजय कुमार एवं नेतरहाट स्कूल के कई पूर्व छात्र उपस्थित थे।